वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

www.wagadsandesh.com

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-151 सागवाड़ा, बुधवार,2 फरवरी, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

घाटा का गांव में मोरो का शिकार, थार जीप से पुलिस ने बरामद किये 5 शव

चार शिकारी हुए फरार, दो टोपीदार बन्दुक, 80 टोपिया, एक किलो छर्रे और करीब 100 ग्राम बारूद बरामद

सागवाड़ा। ओबरी थाना पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान घाटा का गांव के पास एक थार जीप से 5 मोरो के शव बरामद किये है। वही जीप से दो टोपीदार बन्दुक, 80 टोपिया, एक किलो छर्रे और करीब 100 ग्राम बारूद भी बरामद किया है। वही अंधेरा का फायदा उठाकर चार शिकारी फरार हो गए। जीप अब्दुल वाहिद के नाम से रजिस्टर्ड है। पुलिस चारो शिकारियों की तलाश कर रही है।

ओबरी थानाधिकारी अनिल देवल ने बताया की ओबरी थाना पुलिस की ओर से रात को थाना क्षेत्र में नियमित गश्त की जा रही थी। इस दौरान घाटा का गांव के पास चाय की थडी पर एक थार जीप खडी थी वही चार लोग जीप के पास खड़े हुए थे। जिस पर पुलिस जीप के पास गई और खड़े हुए लोगो से उनके नाम और खड़े रहने का कारण पूछा जिस पर चार लोग अंधेरा का फायदा उठाकर खेतो की तरफ फरार हो गए। पुलिस ने चारो लोगो का पीछा भी किया लेकिन हाथ नहीं लग। इधर जब पुलिस ने जब जीप के दरवाजे खोले तो पुलिस के होश उड़ गए। जीप के अन्दर मोरो के 5 शव रखे हुए थे। वही जीप में दो टोपीदार बन्दुक, बन्दुक की 80 टोपिया, करीब 100 ग्राम बारूद और एक किलो छर्रे भी रखे हुए थे। जिस पर पुलिस ने जीप व बन्दूको और अन्य सामान को जब्त किया और थाने लेकर आई। इसके बाद आज सुबह पुलिस ने मामले की जानकारी वन विभाग को दी। सुचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मोरो के शवो का अंतिम संस्कार करवाया। इधर ओबरी थानाधिकारी अनिल देवल ने बताया की जब्त की गई जीप अब्दुल वाहिद के नाम से रजिस्ट्रड है। पुलिस द्वारा मामला दर्ज करते हुए चारो शिकारियों की तलाश कर रही है।

पांच गांव को पेराफेरी से मुक्त करने की मांग रैली निकाली

प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री के नाम कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश खोड़निया को सौंपा ज्ञापन

सागवाड़ा। नगरपालिका क्षेत्र सागवाड़ा के पेराफेरी में आने वाले पांच गांव के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री के नाम कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश खोड़निया को ज्ञापन देकर पेराफेरी से मुक्त करने की मांग की। ग्रामीणों ने विरोध में रेली भी निकाली।

जिला परिषद सदस्य हरीश अहारी , जेठाणा उप सरपंच धीरज मेहता , भाजपा जिला उपाध्यक्ष ताजेंग पाटीदार एवं प्रधान ईश्वरलाल सरपोटा ने दिए ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में गांव आरा, जैठाणा, गोवाडी, हड़माला, वरसिंगपुर, वणोरी, नाहरपुरा व माविता नगर पालिका क्षेत्र के समीप होने के कारण पेराफेरी क्षेत्र में आते हैं। जिससे गांव के गरीब एवं निर्धन कृषक परिवारों को कई प्रकार की समस्याओं से जुझना पड़ रहा है। इन गांवों में भूमि रूपांतरण, भूमि आवंटन एवं रजिस्ट्रीयों के उंचे दाम देने पड़ रहे हैं। पेराफेरी में होने से अधिकारों का हनन हो रहा हैं एवं सरकार की ओर से अधिग्रहीत की जाने वाली जमीनों का मुआवजा ग्रामीण दरों से मिलता है। राज्य सरकार की ओर से प्रशासन गांवों के संग अभियान में इन गांवों में किसी भी प्रकार का भूमि संबंधी कार्य नहीं हो पाया है तथा पेराफेरी क्षेत्र नहीं हटने से भविष्य में कई प्रकार की समस्याए सामने आऐगीं । ज्ञापन की प्रति जिला कलक्टर , उपखण्ड अधिकारी एवं पंचायत समिती प्रधान को भी दी है । शहर में निकाली रैली इससे पूर्व तहसील कार्यालय के बाहर से गांवों से आए पुरुष एवं महिलाओं ने हाथों में नारे लिखी तख्ती लेकर शहर में रैली निकाली। रैली गोल चौराहा, नेहरु कॉम्प्लेक्स, उपाध्याय मार्केट, नया बाजार, बैंक तिराहा होकर माण्डवी चौक तथा वापस इसी मार्ग से तहसील कार्यालय पहुंचे। नगरपालिका प्रस्ताव पारित करेगी पेराफेरी को लेकर हुई सभा में वासुदेव पाटीदार गोवाड़ी, ताजेंग पाटीदार आरा, जितेन्द्र वरसिंगपुर, शिवराम, हरीश वणोरी ने गांवों में आ रही समस्याओं से अवगत कराया। प्रधान ईश्वरलाल सरपोटा ने कहा कि वर्ष 1982 से गांवों में एलोटमेन्ट के कार्य ठप पड़ हैं । गांवों से पेराफेरी समाप्त होना जरुरी है । नगरपालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोड़निया ने गांवों को पेराफेरी से मुक्त करने का समर्थन करते हुए नगरपालिका बोर्ड की बैठक बुलाकर प्रस्ताव पारित कराने का भरोसा दिया ।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष खोड़निया ने बताया कि सागवाड़ा नगरपालिका का मास्टर प्लान 1992 में लागू हुआ तथा वर्ष 2002 में गहलोत सरकार ने कुछ गांवों को पेराफेरी से बाहर कर दिया था । वर्ष 2011 में भाजपा नगरपालिका बोर्ड ने इसे फिर से लागू कर दिया । उन्होंने नगरपालिका से 15 फरवरी से पूर्व बोर्ड की बैठक बुलाकर प्रस्ताव पारित कराने को कहा ताकि प्रस्ताव साथ इस मामले को मुख्यमंत्री गहलोत के समक्ष रखा जा सके। इस मामले को राज्यपाल के समक्ष भेज दिया जाएगा ।

ममेरे भाई की हत्या के आरोपी युवक को कोतवाली थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार, तीन दिन से चल रहा था फरार

डूंगरपुर। जिले की कोतवाली थाना पुलिस ने थाणा रेडा फला गाँव में तीन दिन पहले ममेरे भाई की हत्या के आरोप में फरार चल रहे आरोपी युवक को आज गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक पिछले 3 दिन से फरार चल रहा था। आरोपी ने आपसी विवाद के चलते अपने ममेरे भाई की चाकू घोप कर हत्या कर दी थी। डूंगरपुर जिले के कोतवाली थानाधिकारी दिलीपदान ने बताया की थाणा रेडा फला गाँव निवासी राकेश अहारी व विरमल गमेती आपस में ममेरे भाई है। दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। 30 जनवरी की रात को विरमल राकेश के घर आया और विवाद के चलते उसके पेट में चाकू घोप दिया और मौके से फरार हो गया। चाकू से पेट पर किये गए हमले में राकेश गंभीर घायल हो गया था। जिसको परिजनों ने रात को डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया था। वही अगले दिन सुबह 31 जनवरी को राकेश की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने जिला अस्पताल की मोर्चरी में शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को दिया था वही परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने विरमल गमेती के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से कोतवाली थाना पुलिस की अलग-अलग टीमें आरोपी विरमल गमेती की तलाश में जुटी थी। जिसके तहत पुलिस की टीम ने संदिग्ध ठिकानों पर, पड़ोस के गाँव थाणा, बलवाडा, बालाडिट और खेमारू में रिश्तेदारों व दोस्तों के घरो पर भी तलाश की लेकिन कही सुराग नहीं लगा। इधर आज मुखबिर के जरिये आरोपी विरमल के मालीखेडा गाँव में छिपे होनी की सूचना पुलिस को मिली। जिस पर कोतवाली थाना पुलिस की टीम ने मालीखेडा गाँव में दबिश दी और आरोपी विरमल को गिरफ्तार किया। इधर पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है कल पुलिस आरोपी को कोर्ट में पेश करेगी।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष खोडनिया के समक्ष दिवड़ा छोटा के युवाओं ने थामा कांग्रेस का हाथ

सागवाड़ा। दिवड़ा छोटा के युवाओं ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश खोडनिया के समक्ष कांग्रेस की सदस्यता ली। युवा ब्लॉक अध्यक्ष जतीन व्यास ने बताया कांग्रेस पार्टी के कार्य देख कर युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ली है। युवा कांग्रेस के साथ जुड़ रहा है, युवा पीढ़ी ने विकास और कांग्रेस के कार्य को देखते हुए कांग्रेस का दामन थामा है। गांव के युवाओं को जोड़ कर बूथ स्तर पर कांग्रेस मजबूत किया है। दिनेश खोडनिया ने कहां कि कांग्रेस ने देश को जोड़ने का काम किया है और सब को साथ ले कर चली है। और आने वाले समय में कांग्रेस सरकार बनेगी।

घर से लापता युवक पेड़ से लटका मिला

6 दिन पुराना होने से सड़ गया शव

डूंगरपुर। पुनाली जंगल के घाटे में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। युवक 6 दिन से घर से लापता था। सूचना पर पुलिस और मृतक का परिवार मौके पर पहुंचा। डूंगरपुर के दोवडा थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया की गमीरपुरा निवासी जितेन्द्र (22) पुत्र नाथू डामोर अहमदाबाद में ड्राइवर का काम करता था। 25 जनवरी को अहमदाबाद से अपने गांव गमीरपुरा आया। 27 जनवरी को घर से चला गया। परिवार के लोगों ने तलाश की लेकिन पता नहीं चला। पुनाली जंगल के घाटे पर जा रहे कुछ लोगों ने एक बाइक खड़ी देखी। लोगों ने जंगल के अंदर जाकर देखा तो होश उड़ गए। जंगल में एक पेड़ पर बेल्ट से एक युवक का सडा-गला शव लटका हुआ मिला।

हाई कोर्ट के आदेश पर रतनलाल पाटीदार ने क्रय-विक्रय सहकारी समिति के अध्यक्ष का पदभार सम्भाला

हाई कोर्ट में 2015 में लगाई गई थी अपील फैसला 7 साल बाद

डूंगरपुर। कॉपरेटिव सेक्टर के चुनाव हुए लम्बा समय बीत गया तब से लेकर आजतक प्रशासक कार्यभार संभाल रहे थे लेकिन 2015 में जब बोर्ड भंग हुए तब ही बोर्ड के अध्यक्ष रतनलाल पाटीदार ने हाई कोर्ट में अपील करी थी कि जब तक नए चुनाव नही हो जाते तब तक स्थानीय बोर्ड को कार्य करने दिया जाए इसका फैसला फरवरी 2022 में आया इसके बाद विभाग ने बोर्ड को पदभार ग्रहण करने का आदेश दिया।

बुधवार को कांग्रेस संगठन महासचिव रतनलाल पाटीदार ने क्रय -विक्रय सहकारी समिति डूंगरपुर के अध्यक्ष पद पर कोरम के साथ शपथ ग्रहण किया।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दिनेश खोड़निया, विधायक गणेश घोगरा, पूर्व राज्यमंत्री असरार एहमद,पूर्व जिलाध्यक्ष प्रियकांत पण्ड्या, उप जिला प्रमुख सुरता परमार,वरिष्ठ उपाध्यक्ष वल्लभराम पाटीदार, महिला कांग्रेस अध्यक्ष अंशुमाला पंचाल,पूर्व अध्यक्ष सीसीबी नूतन शर्मा,ब्लॉक अध्यक्ष करण सिंह चौहान, भरत नागदा,कृष्णराज सिंह,वरिष्ठ नेता व आदिवासी काग्रेस जिलाध्यक्ष सुरमाल परमार, कन्हैयालाल पटेल, चिराग पण्ड्या,काग्रेस प्रवक्ता सुखदेव यादव,सेवादल जिलाध्यक्ष गौत्तम लाल पण्ड्या, एससी जिलाध्यक्ष गौरव यादव, खेलकूद प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राकेश रोत, पूर्व जिपस बालकृष्ण परमार, खातुराम बागड़िया, बोर्ड उपाध्यक्ष राकेश जेन, सदस्य चंदूलाल पटेल, हरीश डिंडोर वदलपत सिंह सासरपुर , गौतम लाल पाटीदार धावड़ी ,बंसीलाल हिराता व कन्हैयालाल पण्ड्या, भगवती पण्ड्या, बंशी खेड़ा, गजेन्द्र कलाल,भुवनेश ननोमा, पसस देविलाल, प्रवीण सिंह, प्रभुलाल अहारी,गटूलाल धावड़ी, महेंद्र फलोज,गब्बर भाई कलाल, योगेश पाटीदार आदि मौजूद थे।

राजस्थान में 22 लोगों की कोरोना संक्रमण से मौत

जयपुर। राज्य में संक्रमण के मामले आज एक बार फिर बढ़े हैं। आज प्रदेश में 8428 नए कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। वहीं मौतों को लेकर भी प्रदेश को कोई राहत यहां नहीं मिली है। आज भी 22 लोगों की कोरोना संक्रमण से मौत हुई है। कोरोना महामारी के दौरान अब तक राज्य के कुल 9310 लोगों की कोरोना से मौत हो चुकी है। सर्वाधिक मौतें राजधानी जयपुर में दर्ज की गई है। हालांकि आज भी रिकवरी की दर संक्रमण दर की तुलना में अधिक होने के कारण एक्टिव केस में कमी आई है। अब एक्टिव केस घटकर 58603 रह गए हैं। सबसे ज्यादा एक्टिव केस 14162 जयपुर जिले में हैं।

एसपी जोशी ने ली सीएलजी सदस्यों की बैठक

सागवाड़ा। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने सागवाड़ा थाने में सीएलजी सदस्यों की बैठक ली। बैठक में नीरज पंचाल ने पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाने और डॉ . विमलेश पंड्या खड़गदा ने गांवों में नियमित गश्त करने तथा भंगार खरीदने वालों पर नजर रखने का आग्रह किया । उन्होंने बताया कि छह माह पूर्व समाज के नोहरे से पंखे एवं अन्य सामान की चोरी हो गई थी जिसका आज तक खुलासा नहीं हो पाया है । दलीचन्द बुनकर ने माही पुल चौकी को स्थाई करने, ताजेंग पाटीदार ने खेतों में कुंए से चोरी हो रही मोटर व अन्य सामान पर अंकुश लगाने का आग्रह किया ।

जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र परमार ने देर रात तक बजने वाले डीजे पर रोक लगाने की मांग की । चीतरी के दितीया भाई कटारा ने निर्माणाधीन स्टेट हाईवे से अतिक्रमण हटवाने की मांग की। पुलिस अधीक्षक जोशी ने थानाधिकारी से रात 10 बजे बाद डीजे बजने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए ।

बीट कांस्टेबल बाबूलाल के अच्छा कार्य पर लोगों के तारीफ करने पर पुलिस अधीक्षक ने शाबाशी दी ।

इससे पूर्व जिला पुलिस अधीक्षक जोशी ने बुधवार को थाने का वार्षिक निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए । जिला पुलिस अधीक्षक जोशी के थाना परिसर पहुंचने पर हेड कांस्टेबल हर्षवर्धनसिंह व जाब्ता ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया । जोशी ने थाना परिसर के बेरिक , स्टोर रूम, बाल मित्र कक्ष , भोजन कक्ष , स्वागत कक्ष थाने का अवलोकन किया । थाना प्रभारी सुरेन्द्रसिंह सोलंकी से वर्तमान प्रकरण के निस्तारण सहित विभागीय जानकारी प्राप्त की।

लकड़ी तस्करी के खिलाफ डीएसटी ने की कार्रवाई, राजस्थान-गुजरात के पुनावाडा बोर्डर पर पकड़ा लकडियों से भरा ट्रक

सीमलवाड़ा। डूंगरपुर जिले की पुलिस की स्पेशल ने लकड़ी तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए लकडियो से भरा एक ट्रक पकड़ा है । पुलिस की स्पेशल टीम ने ये कार्रवाई अलसुबह धम्बोला थाना क्षेत्र में राजस्थान-गुजरात के पुनावाडा बोर्डर पर की है। वही मामले में पुलिस की स्पेशल टीम ने चालक व खलासी को हिरासत में और एक नाबालिग को डिटेन किया है। प्रभारी दिलीप दान ने बताया की जिला पुलिस अधिक्षक सुधीर जोशी की ओर से जिले में अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत आज अलुसुबह डूंगरपुर जिले के धम्बोला थाना क्षेत्र में डूंगर सारण से राजस्थान-गुजरात के पुनावाडा बोर्डर होकर गुजरात में लकडियो की तस्करी की सुचना मिली थी। जिस पर पुलिस की स्पेशल टीम के हैड कांस्टेबल नवीन कुमार, कांस्टेबल महावीर, मुकेश, राजगोपाल, यशपाल सिंह व पंकज पुनावाडा बोर्डर पहुंचे और पुलिस की स्पेशल टीम ने नाकेबंदी शुरू की। इस दौरान डूंगरसारण की तरफ से आ रहे एक ट्रक को पुलिस की स्पेशल टीम ने रुकवाया और ट्रक की तलाशी ली।

पेगासस जासूस मामले में यूथ कांग्रेस ने केन्द्र सरकार के खिलाफ बोला हल्ला

- कलेक्ट्रेट के बाहर प्रधानमंत्री का फूंका पुतला, यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश घोघरा ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

डूंगरपुर। पेगासस जासूसी मामले में डूंगरपुर जिला यूथ कांग्रेस की ओर से आज केंद्र सरकार के खिलाफ हल्ला बोला गया। यूथ कांग्रेस ने विधायक निवास से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली और कलेक्ट्रेट पर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया वही प्रधानमंत्री का पुतला भी फूंका। इस दौरान यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश घोघरा ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना भी साधा।

में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता आज डूंगरपुर विधायक व यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश घोघरा के निवास पर एकत्रित हुए और यहां से यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश घोघरा के नेतृत्व में कार्यकर्ता रैली के रूप के कलेक्ट्रेट के लिए रवाना हुए। रैली विधायक निवास से कलेक्ट्रेट पर पहुंची जहां पर यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पेगासस जासूसी के विरोध के केंद्र सरकार के खिलाफ हल्ला बोला। कार्यकर्ताओ ने इस मौके पर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री का पुतला फूंका वही जमकर नारेबाजी की। इस दौरान डूंगरपुर विधायक व यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश घोघरा ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष घोघरा ने कहा कि, इजरायली कंपनी एनएसओ के पेगासस सॉफ्टवेयर से भारत में 300 से ज्यादा हस्तियों के फोन हैक किए जाने का खुलासा हुआ है। घोघरा ने कहा कि जासूसी से जुड़ी जो रिपोर्ट सामने आई है उसमें दावा किया जा रहा है कि जिन लोगों के फोन टैप किए गए उनमें कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और प्रह्लाद सिंह पटेल, पूर्व निर्वाचन आयुक्त अशोक लवासा और चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर सहित कई समाजसेवी भी शामिल है। वही जब कोई भी विपक्ष का नेता मोदी सरकार के खिलाफ आवाज उठाता है तो उसके खिलाफ राजद्रोह के झूठे मुकदमे दर्ज करवाए जाते है। ईडी, सीबाईआई, इनकम टेक्स की रेड के नाम पर डराया जाने का काम मोदी सरकार की ओर से किया जाता है।

ऐसे में साफ है की केंद्र में लोकतांत्रिक सरकार नही होकर तानाशाह राज करना चाहते है, जिसे उखाड़ फेंकने की जरूरत है। वही इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की जनविरोधि नीतियों के विरोध में भी केंद्र सरकार प्रहार किया।

सुरेला स्कूल के हेड मास्टर ने सागवाडा एसबीआई से 1 लाख रुपए निकाल कर बाइक की डिक्की में रखे, बदमाश 2 मिनट में बैग लेकर रफूचक्कर

सागवाड़ा। सागवाडा नगर में एक सरकारी स्कूल के हेड मास्टर के साथ लूट की घटना हुई है। हेड मास्टर ने बैंक से 1 लाख रुपये निकाले ओर बाइक की डिग्गी में रखकर जाने लगे। उसी समय एक बदमाश युवक ने पैसे रखा बैग डिग्गी से निकालकर भाग गया। बैग में हेड मास्टर का सर्विस रिकॉर्ड समेत कई कागजात थे।

सुरेला अपर प्राइमरी स्कूल के हेड मास्टर रामलाल परमार पुत्र मेंगजी परमार मीणा निवास कोलखंडा ने बताया कि वे आज बुधवार दोपहर के समय सागवाडा एसबीआई बैंक गए थे। पत्नी राधा देवी परमार के खाते से चैक से 1 लाख रुपये निकाले। रुपये एक काले बैग में रखकर बैंक से बाहर आ गए और उस बैग को उनकी बाइक की डिग्गी में रख दिया। इसके बाद हेमलेट पहनकर जाने लगे।

उसी समय पीछे से एक युवक आया और डिग्गी खोलकर 1 लाख रुपयों से भरा बैग लेकर भाग गया।

हेड मास्टर रामलाल परमार ने बताया कि बाइक रोककर आवाज भी लगाई लेकिन बदमाश युवक अचानक ही गायब हो गया। बैग में एक लाख रुपयों के अलावा आधार कार्ड, पेन कार्ड, चेक बुक, सर्विस रिकॉर्ड, एटीएम कार्ड समेत अन्य कई दस्तावेज भी रखे हुए थे।

हेड मास्टर ने बताया कि इसके बाद वे वापस बैंक में गए और प्रबंधक को घटना के बारे में बताया। सूचना पर सागवाडा पुलिस भी पंहुच गई। बैंक के सीसीटीवी देखे जिसमे एक युवक बेफालतू के बैंक में इधर-उधर घूमता हुआ फोन पर बात कर रहा है। वहीं दूसरे युवक सीढ़ियों के पास ओर एक अन्य युवक बैंक के बाहर खड़ा है।

हेड मास्टर ने इन तीनों ही युवकों पर रुपयों से भरा बैग लूटकर भागने का अंदेशा जताया है। वही पुलिस सीसीटीवी के आधार पर बदमाशो की पहचान कर ढूंढ रही है।